**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 23.04.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना नदीगांव पुलिस टीम द्वारा 24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण कर 01 शातिर चोर को चोरी के आभूषण के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।**

दिनांक 22.04.2025 को वादी गब्बर सिंह द्वारा थाना नदीगांव में तहरीरी सूचना दी गयी है कि दिनांक 20/21.04.2025 की रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा अज्ञात चोर द्वारा प्रार्थी के घर के अन्दर कमरे में रखी ट्राली बैग में रखे आभूषण व 10,000 रु0 नगद चोरी कर ले गया है। वादी की तहरीर के आधार पर थाना नदीगांव पर मु0अ0सं0 49/25 धारा 331(4)/305 बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध के पंजीकृत किया गया था।

थाना नदीगांव पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी क्षेत्र गस्त के दौरान दिनांक 23.04.2025 को शिवनी मोड ग्राम सदुपुरा के पास से प्रकाश में आये अभियुक्त हरीशंकर पुत्र रामप्रकाश परिहार निवासी शिवनी खुर्द थाना नदीगांव जनपद जालौन को चोरी के आभूषण के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

पूंछतांछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 20/21.04.2025 की रात्रि में ग्राम शिवनी खुर्द में घर के अन्दर घुसकर आभूषण व रुपये चोरी कर लिया था। कुछ रुपये मैने खर्च कर दिया है एवं आभूषण बेचने के उद्देश्य से जाते समय आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –**

1. हरीशंकर पुत्र रामप्रकाश परिहार उम्र करीब 48 वर्ष निवासी शिवनी खुर्द थाना नदीगांव जनपद जालौन

**बरामदगी का विवरण –**

1. 01 जोडी सोने का बाला
2. 8100/- रुपये
3. एक अदद मंगलसूत्र व एक अदद चैन रोल्ड गोड

**अभि0 हरिशंकर का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 49/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना नदीगांव जिला जालौन
2. मु0अ0स0 44/2020 धारा 147/148/323/452/506 भादवि थाना नदीगांव जिला जालौन

अभियुक्त के अपराधिक इतिहास की जानकारी आस-पास के थानो व सीमावर्ती जनपदों से की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम –**

1. थानाध्यक्ष नदीगांव मय टीम।